दैनिक जागरण 25/03/2023

# पंजाबी काव्य उच्चारण स्पर्धा के विजेता सम्मानित

अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी के पंजाबी विभाग द्वारा पंजाबी काव्य उच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा आधुनिक पंजाबी काव्य, मध्य-काव्य की कविताओं का उच्चारण पढ़कर और गाकर किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ-चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीएससी द्वितीय वर्ष के लवदीप सिंह, दूसरा स्थान बीए तृतीय वर्ष की छात्रा मनप्रीत कौर, तीसरा स्थान बीए द्वितीय वर्ष अंशिका और चौथा स्थान बीए तृतीय वर्ष के छात्र लवदीप सिंह को प्राप्त हुआ, जबकि पांचवा स्थान बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र ने अजय प्राप्त किया। कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने छात्रों को काव्य साहित्य से अवगत करवाते हुए विश्व काव्य साहित्य में पंजाबी साहित्य के योगदान के बारे में चर्चा की। उन्होंने गुरमति काव्य , भक्ति काव्य , आधुनिक काव्य को मनुष्य की जिंदगी से जोड़ते हुए विद्यार्थियों को अपने जीवन में काव्य साहित्य के महत्व पर जोर दिया। मंच संचालन की भूमिका विभाग की सहायक प्रवक्ता डा. जसवीर कौर ने निभाई। विजेताओं को सर्टिफिकेट व ईनाम देकर छात्रों को सम्मानित किया।



जीएमएन कालेज में कविता उच्चारण प्रतियोगिता के विजेता बच्चे प्राचार्य के साथ। सौजन्य • विज्ञप्ति